Regarding urgent need to establish an industrial factory for Amla processing in Pratapgarh

डॉ. शिव पाल सिंह पटेल (प्रतापगढ़) : मेरा संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश अपने गुणवत्तापूर्ण पोषक तत्वों और विटामिन सी से भरपूर आंवला की खेती के लिए प्रसिद्ध है । जिसको यदि उचित प्रोसेसिंग और मार्केटिंग की सुविधाएं मिलें तो न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपनी पहचान बना सकता है । मैं सरकार का ध्यान आंवला उत्पादन से जुड़ी एक महत्वपूर्ण समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । आंवला प्रोसेसिंग के लिए कोई उद्योग या फैक्ट्री स्थापित नहीं है, जिससे किसानों को मजबूरी में अपनी उपज को कम दामों में बेचना पड़ता है । यह सरकार वहां आधुनिक प्रोसेसिंग और मार्केटिंग सुविधाओं से युक्त आंवला आधारित एक बड़ी ओद्योगिक फैक्ट्री स्थापित करे तो इससे किसानों को लाभ मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे । इसलिए मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि प्रतापगढ़ में एक आंवला आधारित फैक्ट्री एवं उद्योग स्थापित करने की दिशा में ठोस एवं त्वरित कार्यवाही करे ।